हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 22 मई 2025

11 मेधावी छात्रों का निकाला विजयी जुलूस



12 महिलाओं ने सैनिकों के सम्मान में निकाला कैंडल मार्च




# SURAJ DEGREE COLLEGE / Mahendergarh

Affiliated to IGU, MEERPUR -REWARI
web : www.surajeducation.com

Heartiest Congratulations

Fabulous University Results
सर्वाधिक मेरिट Toppers TOP-10 MERIT LIST

PRIDE OF SURAJ
!! पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान

**1st** – B.Sc MED 2nd Sem – UMANG, D/o Mr. Vijay Singh, Kanheti
**1st** – B.Com 3rd Sem – JUHI, D/o Mr. Chanderprakash, Jhagroli
**1st** – B.C.A. 1st Sem – PARV, S/o Mr. Mukesh, Narnaul
**1st** – M.A. ENG 1st Sem – MONIKA, D/o Mr. Naresh Kumar, Satnali
**1st** – B.A 5th Sem – TANNU, D/o Mr. Mukesh, Mahendergarh
**1st** – BCA 3rd Sem – MUSKAN, D/o Mr. Ajit Singh, Luhana

| University Rank | Name | Parent / Village | Class |
|---|---|---|---|
| 2 | VAIBHAVI | D/o Mr. Rajesh, Bhiwani | M.A. ENG - 1st Sem |
| 2 | ANJALI | D/o Mr. Ajit Singh, Bassai | M.Sc Che 1st Sem |
| 2 | MANISHA | D/o Mr. Surender Singh, Kotia | B.Sc H Phy 4th Sem |
| 2 | UJALA | D/o Mr. Kuldeep Singh, Nangal Harnath | B.A. 5th Sem |
| 2 | POOJA | D/o Mr. Vikram Kumar, Ramalwas | B.B.A. 3rd Sem |
| 2 | EKTA | D/o Mr. Sujan Singh, Deroli Jat | B.C.A. 3rd Sem |
| 2 | EKTA | D/o Mr. Mehar Chand, Khatiwas | B.A. 6th Sem |
| 3 | NISHANT | S/o Mr. Jai Ram Sharma, Maroli | B.C.A. 3rd Sem |
| 3 | PRIYANSHI | D/o Mr. Ashok Kumar, Rewari | M.A. ENG 4th Sem |
| 3 | ISHA | D/o Mr. Satish, Mahendergarh | B.Sc. Life Sciences 1st Sem |
| 3 | SABNAM | D/o Mr. Mobin Khan, Dongra Ahir | M.Sc Phy. 1st Sem |
| 3 | LAXMI | D/o Mr. Santosh Kumar, Kanina | M.Sc. PHY 3rd Sem |
| 3 | ANGITA | D/o Mr. Arjun Garg, Siha | M.A. ENG 3rd Sem |
| 3 | SNEHA | D/o Mr. Rajesh Kumar, Mahendergarh | B.Com. 5th Sem |
| 4 | PUNAM | D/o Mr. Ashok Kumar, Kapoori | B.Com 6th Sem |
| 4 | MS DEEPIKA | D/o Mr. Kirori Lal, Gheeloth | M.Sc Maths 4th Sem |
| 4 | SNEH | D/o Mr. Mahipal, Rasulpur | B.Sc. Med 5th Sem |
| 4 | PARVEEN | S/o Mr. Devender Kumar, Bawania | B.C.A. 3rd Sem |
| 4 | JYOTI | D/o Mr. Gillu Ram, Dewas | M.A. Eng 1st Sem |
| 4 | SAKSHI | D/o Mr. Bhupender Singh, Charkhi Dadri | M.Sc. Geo 1st Sem |
| 4 | SARITA | D/o Mr. Rohtash, Ratta Kalan | M.Sc. Phy 3rd Sem |
| 5 | SONAM | D/o Mr. Ramesh Kumar, Chhithroli | B.Com. 1st Sem |
| 5 | TAMANNA | D/o Mr. Devender Singh, Dhawana | B.A. 1st Sem |
| 5 | PAYAL | D/o Mr. Anil Kumar, Adalpur | B.Sc Life Sciences 1st Sem |
| 5 | NITESH | S/o Mr. Surender Singh, Nahar | M.Sc. Phy 4th Sem |
| 5 | VANSHIKA | D/o Mr. Suresh Kumar, Dalanwas | B.C.A. 3rd Sem |
| 5 | BHATERI | D/o Mr. Karmbir, Nayagaon | M.Sc Phy 3rd Sem |
| 6 | SAPNA | D/o Mr. Mahipal Yadav, Mandlana | M.A. ENG. 1st Sem |
| 6 | SONIKA | D/o Mr. Satvir, Bhagwi | B.Sc. H Phy 6th Sem |
| 6 | SHIVANI | D/o Mr. Kuldeep Soni, Mahendergarh | B.B.A. 2nd Sem |
| 6 | KOMAL | D/o Mr. Shiv Kumar, Nangal Mundi | M.Sc. Geo 4th Sem |
| 6 | KARISHMA | D/o Mr. Ajit Singh, Sihma | B.Sc. Med 5th Sem |
| 6 | EKTA | D/o Mr. Ramesh Kumar, Mundia Khera | M.Sc. Phy 3rd Sem |
| 7 | ANJALI | D/o Mr. Ajit Singh, Bassai | B.Sc. NM 6th Sem |
| 7 | MUSKAN | D/o Mr. Narender, Dhawana | M.Sc. Phy 1st Sem |
| 7 | SONAM | D/o Mr. Ramesh Kumar, Khairana | B.Sc H Che 6th Sem |
| 7 | SONIYA | D/o Mr. Satyanarayan, Majra Khurd | M.Sc. Che 4th Sem |
| 7 | NEHA | D/o Mr. Chetan Prakash, Mahendergarh | B.Sc H Phy 3rd Sem |
| 7 | BHAWANA | D/o Mr. Chhavi Prakash, Nimbi | B.B.A 2nd Sem |
| 7 | RIYA | D/o Mr. Narendra Kumar, Sheoramnathpura | B.C.A. 5th Sem |
| 7 | GAGAN | D/o Mr. Anoop Kumar, Bhurjat | B.C.A. 3rd Sem |
| 7 | KARUNA | D/o Mr. Anand, Jhagroli | M.Sc. Phy 3rd Sem |
| 7 | MONIKA | D/o Mr. Jagram, Kherki | M.A. ENG 3rd Sem |
| 7 | HIMESH | S/o Mr. Virender, Luhana | B.Sc. Physical Science 1st Sem |
| 8 | SONAL YADAV | D/o Mr. Anil Kumar, Gadania | B.Sc H Phy 6th Sem |
| 8 | NARVEER | S/o Mr. Jai Parkash, Bawana | M.A. ENG 2nd Sem |
| 8 | SAKSHI | D/o Mr. Shri Bhagwan, Bucholi | B.Sc. Med 6th Sem |
| 8 | ANJU | D/o Mr. Dinesh, Dhana | B.Com 6th Sem |
| 8 | NIKITA | D/o Mr. Nathu Ram, Bharaf | B.A .6th Sem |
| 8 | SONAM | D/o Mr. Mahesh, Jhagroli | B.Sc. Med 4th Sem |
| 8 | ANURADHA | D/o Mr. Narender, Bhojawas | M.Sc Che 3rd Sem |
| 8 | DEEPIKA | D/o Mr. Sanjay Kumar, Mudain | B.Sc. Med 5th Sem |
| 8 | MANISHA | D/o Mr. Krishan Kumar, Bihali | B.Sc H Phy 3rd Sem |
| 8 | MONIKA | D/o Mr. Bijender Sharma, Bassai | M.Sc. Phy 3rd Sem |
| 9 | REENA | D/o Mr. Amit Kumar, Dahina | B.A. 4th Sem |
| 9 | NIKITA | D/o Mr. Lalit Narain, Jasawas | B.Sc. Medical 5th Sem |
| 10 | VIDHI YADAV | D/o Mr. Sanjay Kumar, Dhawana | B.Com 1st Sem |
| 10 | SUBODH | D/o Mr. Chand Singh, Kanina | M.A. ENG 1st Sem |
| 10 | SHIWANI | D/o Mr. Randhir Singh, Adalpur | M.Sc Maths 4th Sem |
| 10 | MANISHA | D/o Mr. Sanjay Kumar, Siha | B.C.A. 3rd Sem |

I.G. University Gold Medalist B.A. – EKTA, D/o Mr. Mehar Chand, Khatiwas
I.G. University Gold Medalist B.Sc Non Medical – NEHA, D/o Mr. Hawa Singh, Bairawas
I.G. University Gold Medalist M.Sc Physics – SAPNA, D/o Mr. Ajay Singh, Partal

Online Form Filling Facility is avaliable at College Campus
Sunday Open

Special Scholarship for MERITORIOUS STUDENTS

Transport Facility Available up to 60 Kms radius of Campus

A.C. Hostel Facility Available for Girls

Admission Open Apply Now !!
Courses Offered : -
M.Sc. PHYSICS, CHEMISTRY, MATHEMATICS, GEOGRAPHY
M.A. ENGLISH
B.A.
B.Sc. LIFE SCIENCE (Medical), PHYSICAL SCIENCE (Non Medical)
B.Sc. HONOURS PHYSICS, CHEMISTRY, MATHEMATICS
B.B.A. B.C.A. B.Com. B.Ed.

Call | 9991530053, 8607555793

प्रकाशमय कल के लिए

**खबर संक्षेप**

## अटेली में आज निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**मंडी अटेली।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व देश के वीर जवानों के सम्मान में भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर 22 मई को अटेली में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के पीए विकास यादव व अटेली मंडल के अध्यक्ष मुकेश कुमार गनियार ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा सायं छह बजे स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय से लेकर अटेली के नए बस स्टैंड के कनीना चौक तक निकल जाएगी। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, जबकि विशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार रहेंगे।

## फव्वारा नोजल चोरी वाले दो युवक गिरफ्तार

**मंडी अटेली।** फव्वारा नोजल चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों पर चोरी का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ताजपुर निवासी अनुप सिंह व बीरसिंह ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि दोनों भाई 20 मई सायं अपने खेत में गए थे, खेत में पहुंचकर देखा कि उनके खेत से फव्वारा नोजल गायब मिले।।

## सरकार के फैसले से किसानों को राहत

**कनीना।** किसानों से फसली ऋण पर सात फीसदी ब्याज वसूलने के आदेश सरकार की ओर से वापस लेने पर किसानों ने राहत महसूस की है। सरकार के इस फैसले को लेकर कनीना ब्लॉक के किसान सत्यवीर सिंह, राजसिंह, अशोक कुमार, विनोद कुमार, प्रमाद सिंह, मनोज कुमार, रविंद्र सिंह ने खुशी जताई है। बता दें कि भाजपा की डबल इंजन सरकार जनहित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। किसानों के हितों को उपर उठाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से कृषि एवं किसाल कल्याण के लिए योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। सहकारिता विभाग की ओर से हाल ही में पत्र जारी कर किसानों से सात प्रतिशत ब्याज वसूली करने को कहा गया था। विपक्षी दलों की ओर से इसका विरोध पर सरकार ने यह फैसला वापस ले लिया।

## पुलिस नाके लगाकर वाहनों की चेकिंग की

**नारनौल।** पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन जांच अभियान चलाया। जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर व बॉर्डर नाकों पर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान वाहनों को रोककर उनके कागजात चेक किए और वाहनों की डिक्की की भी जांच की गई। वहीं कई वाहनों को जब्त किया गया और वाहनों के चालान भी काटे गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस लगातार वाहन जांच अभियान चला जा रही है, आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

## नांगल दुर्गू के ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**नांगल चौधरी।** नांगल दुर्गू गांव में बीते 10 दिनों से बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है। जिससे गांव में पेयजल संकट बढ़ने के साथ रात को नींद लेना भी दुर्भर हो गया है। समस्या ने बिजली निगम के अधिकारियों को अवगत भी करवा दिया, इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं होने पर ग्रामीणों का गुस्सा उबाल खा गया। सुबह पंचायत घर में बैठक करने के बाद निगम के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर दो दिन में व्यवस्था को दुरुस्त करने का अल्टीमेटम दिया है।

### पीड़ितों ने राष्ट्रपति, सुप्रीम कोर्ट के नाम मांगपत्र सौंपा, जमापूंजी दिलवाने की मांग

# बड्स एक्ट-2019 की अनुपालना करवाने को लेकर पीड़ित निवेशक सड़कों पर उतरे

बड्स एक्ट-2019 में 180 दिनों में भुगतान करने के नियम का किया जा रहा उल्लंघन: राजजस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

चीट फंड कंपनियों के पीड़ित निवेशकों को जमापूंजी के भुगतान करवाने के उद्देश्य से बड्स एक्ट-2019 के देशभर में प्रत्येक जिला मुख्यालय पर कार्यालय खोले गए थे, जिसके तहत इन कार्यालयों में निवेश संबंधी दस्तावेज जमा करवाने के 180 दिनों में दो से तीन गुणा तक भुगतान का प्रावधान किया गया था, लेकिन बड्स एक्ट-2019 कार्यालय खुलने के 15 माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद आज तक पीड़ित निवेशकों की जमापूंजी नहीं मिली। इसके विरोध में बड्स एक्ट-2019 की अनुपालना न करने के खिलाफ बुधवार को ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार (तपजप) संगठन के बैनर तले देशभर के प्रत्येक जिला मुख्यालयों पर पीड़ित निवेशकों ने रोष जताकर राष्ट्रपति व सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के नाम मांगपत्र सौंपा।



**भिवानी।** जमापूंजी दिलवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते चीट फंड कंपनियों के पीड़ित निवेशक। *फोटो: हरिभूमि*

### कोई समाधान नहीं हुआ

प्रदर्शन का नेतृत्व तपजप के प्रदेश अध्यक्ष रामजस ने किया तथा अध्यक्षता रमेश तंवर ने किया। तंवर ने कहा कि बड्स एक्ट-2019 के तहत खोले गए कार्यालय में दस्तावेज जमा करवाने के 180 दिनों बाद दो से तीन गुणा तक भुगतान का प्रावधान किया गया था, लेकिन संसदीय कानून की देशभर में अनुपालना नहीं की जा रही। वे अपनी ही मेहनत की जमापूंजी का भुगतान न होने के कारण भय व तनाव में जीवन जीने को मजबूर है। उन्होंने आरोप लगाया कि कानून की कुर्सी पर बैठकर संसदीय कानून का उल्लंघन करना शासन-प्रशासन का अपराध है। उन्होंने कहा कि भुगतान किए जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को अनेक बार मांगपत्र सौंपे, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

इसी कड़ी में बुधवार को विभिन्न चीट फंड कंपनियों के पीड़ित निवेशक तपजप संगठन के बैनर तले चौधरी सुरेंद्र सिंह मैमोरियल पार्क में एकत्रित हुए तथा नारेबाजी कर बड्स एक्ट-2019 की अनुपालना करवाने की मांग को लेकर उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति व सुप्रीम कोर्ट के नाम मांगपत्र सौंपा। इस अवसर पर जिला सचिव राजकुमार वर्मा, मीडिया प्रभारी राजेश बडाला, कोषाध्यक्ष पवन सिरसा घोघड़ा, सलाहकार सुखबीर, विजयपाल रोहिल्ला, सुरेश, दीपक चांग, संजय शर्मा, हरगुलाल, श्रीचंद, धर्मपाल श्योराण, प्रदीप शर्मा व बिमला हालुवास आदि मौजूद रहे।


**भिवानी।** नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपते श्याम बाग सुधार सभा के पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

## नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** दिनोद गेट स्थित श्याम बाग (श्मशान भूमि) सुधार सभा के सदस्यों ने मंगलवार को सभा के प्रधान राधाकृष्ण चावला के नेतृत्व में नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह से उनके कार्यालय में मुलाकात कर श्याम बाग में सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सभा प्रधान राधाकृष्ण चावला ने बताया कि श्याम बाग का क्षेत्रफल शहर के अन्य श्मशान घाटों से अधिक है, लेकिन क्षेत्रफल के अनुपात में सुविधाएं कम होने से दाह संस्कार में आने वाले गणमान्य व्यक्तियों को असुविधा होती है। उन्होंने बताया कि पुण्य स्थल का रख रखाव-खर्च व सेवादारों का मासिक वेतन केवल दानी सज्जनों द्वारा दिए दान से होता है। सभा ने नगर परिषद से मांग की कि शमशान भूमि में दाह संस्कार के स्थान पर लगे शैड जर्जर व पुराने हो चुके हैं, इनको बदलकर नया लगाया जाये। इसके अलावा लकड़ियों के स्टोर के लिए बनी टीन की छत की हालत भी खस्ता है, उसे नया लगाया जाए, ताकि बरसात के मौसम में लकड़िया गीली न हों। शमशान भूमि परिसर की दीवारों पर पलस्तर करवा कर सौंदर्यकरण किया जाये। शमशान भूमि की चारदीवारी के साथ-साथ सीमेंट के ब्लॉक लगाकर वाकिंग ट्रैक बनाया जाये। बैठने की सुविधा के लिए 25 बेंच रखवाए जाये। पर्याप्त रोशनी के लिए हाई मास्क लाइट लगवाई जायें। इसके अलावा शीतल जल के लिए 400 लीटर की क्षमता का वाटर कूलर व शौचालय कक्ष बनाया जाए जिसको मुख्य सीवर लाइन से जोड़ा जाये। चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने सभी मांगों को उचित मान कर शीघ्र पूरा करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सभा के महासचिव रोहताश वर्मा, सहकोषाध्यक्ष जगननाथ गंभीर, पार्षद शिवकुमार गोठवाल, आजीवन सदस्य मदन कामरा व रमेश वर्मा मौजूद थे।

# नकाबपोशों ने किसान से बाइक रुकवा तीस हजार रुपये छीने

### बहल से भिवानी रोड पर वारदात

- किसान ने ओबरा के हरियाणा ग्रामीण बैंक से सरसों बिक्री के निकलवाएं थे पचास हजार रुपये
- वारदात के बाद तीनों आरोपी ओबरा गांव की तरफ फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल

बहल से भिवानी रोड पर सेरला व बिधनोई गांव के बीच तीन नकाबपोश युवकों ने किसान की बाइक रूकवाकर तीस हजार रुपये छीन लिये। किसान ओबरा गांव के हरियाणा ग्रामीण बैंक से सरसों बिक्री से मिले रूपये निकलवाकर अपने गांव सेरला जा रहा था। वारदात के बाद तीनों आरोपी ओबरा गांव की तरफ बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके की जांच की व सीसीटीवी कैमरों की फुटेज ली। पुलिस ने किसान की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेरला गांव निवासी रोहताश ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसने सरकारी खरीद में सरसों की बिक्री की थी, जिसके पैसे उसके ओबरा स्थित हरियाणा ग्रामीण बैंक में आए थे। बुधवार सुबह वह रुपये निकलवाने ओबरा बैंक गया था। उसने बैंक से 50000 रुपये की नकदी निकलवाने के बाद 20000 रुपये एक जेब और 30000 रुपये दूसरी जेब में रखे लिये। वह करीब 10:30 बजे बैंक से अपने गांव सेरला के लिए चल पड़ा। जब वह सेरला व बिधनोई के बीच पहुंचा तो सड़क पर एक लाल रंग की बाइक खड़ी थी और उसके पास तीन युवक खड़े थे। उन युवकों ने उसे रूकने का इशारा किया तो उसने अपनी बाइक को उनके पास जाकर रोक दिया। उन युवकों ने उससे कहा कि रूपये दो। उसने मनाकर दिया कि उसके पास पैसे नहीं है, इस पर युवकों ने कहा कि हमें पता है कि तू पैसे लेकर आया है, तेरी जेब में पैसे हैं। निकालकर देता है या नहीं। इस पर उसने उन्हें एक जेब में रखे तीस हजार रुपये दे दिए। पैसे लेने के बाद तीनों बाइक पर सवार होकर ओबरा की तरफ भाग निकले।

### लगभग 40 वर्ष से कम उम्र के थे तीनों नकाबपोश

पीड़ित किसान रोहताश ने बताया कि वारदात में शामिल तीनों युवक चालीस वर्ष से कम उम्र के थे। तीनों ने अपना मुंह कपड़े से ढांप रखा था। किसान ने बताया कि उनमें से एक के हाथ में पिस्तौल जैसी कुछ चीज थी। किसान ने अपने घर पहुंचकर घरवालों को सारी जानकारी दी, जिस पर डायल 112 पर सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित से जानकारी ली। पुलिस ने रास्ते के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांची पर आरोपियों का सुराग नहीं लगा। पुलिस ने धारा 304 के तहत अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मेगा माइंड वमा विद्यालय में ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

- तोशाम के मेगा माइंड विद्यालय में राष्ट्र प्रहरी बनने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

मेगा माइंड वमा विद्यालय में बुधवार को देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने राष्ट्र प्रहरी बनने की शपथ ली।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और उन्हें देश सेवा के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर में वीरगति को प्राप्त हुए बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छात्रों और शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को सलामी दी। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय की प्राचार्या मनीषा वालिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए देश के सम्मान और कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि देशभक्ति केवल शब्दों में नहीं, कर्मों में झलकनी चाहिए। इस दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया और सभी ने एकजुट होकर राष्ट्र के प्रति अपने समर्पण को दोहराया।


**तोशाम।** मेगा माइंड स्कूल में राष्ट्र प्रहरी बनने की शपथ लेते विद्यार्थी।

# बच्चों के लिए उपहार से कहीं अधिक जरूरी संस्कार

- गोलागढ़ के वीर शहीद महिपाल सिंह स्कूल में नवनिर्मित कक्षा कक्ष का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि बच्चों के लिए उपहार से कहीं अधिक जरूरी शिक्षा एवं संस्कार होते हैं। हमें अपने बच्चों के अंदर शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को भी डालना चाहिए। शिक्षा एवं संस्कारों से बड़े से बड़े मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उपायुक्त कौशिक बुधवार को गांव गोलागढ़ स्थित वीर शहीद महिपाल राजकीय वमा विद्यालय में नवनिर्मित कक्षा कक्ष के उद्घाटन के दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कक्षा कक्ष का निर्माण गांव गोलागढ़ निवासी एवं राजस्थान शिक्षा विभाग से सेवानिवृत मुख्याध्यापक रामदयाल ने करवाया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल ने गांव गोलागढ़ का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकाया है, इसके पीछे भी शिक्षा एवं संस्कारों का सबसे बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि गोलागढ़ की पवित्र पावन धरती बड़ी ही धन्य है कि यहां स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल जैसे महापुरुष पैदा हुए हैं, जो हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में बेहतर से बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं इससे शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार हुआ है।


**भिवानी।** गांव गोलागढ़ स्थित वीर शहीद महिपाल सिंह विद्यालय में नवनिर्मित कक्षा कक्ष के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते उपायुक्त महावीर कौशिक व मंचासीन अन्य।

### शत-प्रतिशत परिणाम

कैरू के खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र गिल ने कहा कि उनके खंड के स्कूलों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्राचार्य राजेश अरोड़ा ने स्कूल की गतिविधियों उपलब्धियां पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान डीसी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा नवनिर्मित कक्षा कक्ष का उद्घाटन किया। डीसी ने होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में कक्षा कक्ष का निर्माण करवाने वाले रामदयाल की धर्मपत्नी लिछमा देवी को भी डीसी ने सम्मानित किया। इस दौरान शीशराम, सरपंच सोनिका, संदीप, प्रदीप गोलागढ़, सत्यनारायण शर्मा, भगतसिंह कोठारी, डॉ. सीडी भारद्वाज, देवेंद्र अत्री, राजवीर धारेडू, मनोज भारद्वाज, सुरेश कुमार बडाला, मुकेश, डीपीई सोमदत्त शर्मा, महेश भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# बिजली पानी किल्लत को लेकर रोड जाम कर रहे लोगों ने गाड़ी पर किया पथराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

बिजली और पानी किल्लत को लेकर बाल्मीकि बस्ती के लोगों ने चिड़िया मोड़ के समीप रोड जाम कर दिया। गुस्साए लोगों ने पुलिस की मौजूदगी में एक गाड़ी पर पथराव किया। जिससे गाड़ी के शीशे टूट गए। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से समझबुझा कर लोगों को शांत किया। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जल्द समस्या का समाधान का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। शहर में लंबे समय से बिजली व पानी की किल्लत बनी हुई है। समस्या को बुधवार को बाल्मीकि बस्ती के लोगों ने चिड़िया मोड़ के समीप रोड जाम कर दिया और जमकर बवाल काटा। जाम की सूचना पुलिस मौके पर पहुंची और अपने स्तर पर जाम खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन लोगों ने जाम खोने से मना कर दिया। इसी दौरान जब एक कार चालाक ने आगे बढ़ने की कोशिश की तो विवाद बढ़ गया। रोड पर बैठे कुछ युवाओं की कार चालाक के साथ तीखी बहस हो गई। इसके बाद उक्त युवकों ने कार पर पथराव शुरू कर दिया। गाड़ी का फ्रेंड और बैक शीशा टूट गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति पर काबू पाया।


**चरखी दादरी।** रोड जाम करती महिलाएं और पत्थर से टूटा हुआ कार शीशा। *फोटो: हरिभूमि*

# बोर्ड उपाध्यक्ष से की शिष्टाचार भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा योग आयोग पंचकुला के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य ने बुधवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश कुमार के साथ शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान योग व प्राकृतिक चिकित्सा के प्रचार व प्रसार पर विचार विमर्श हुआ तथा हरियाणा सरकार के सहयोग से योग पाठ्यक्रम को पहली से आठवीं कक्षा तक आवश्यक विषय तथा नौवीं से बारहवीं कक्षा तक वैकल्पिक विषय के तौर पर लागू करवाने बारे प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि योग हमारी संस्कृति की प्राचीन धरोहर है। योग के माध्यम से मनुष्य अपने जीवन में किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। योग से सभी दवाईयों से छुटकारा पाया जा सकता है। सभी को नियमित योग और प्राणायाम करना चाहिए और परिवार के सभी सदस्यों को भी योग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में किए गए सुधारों की सराहना की।


**भिवानी।** शिक्षा बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश कुमार से मुलाकात करते हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य। *फोटो: हरिभूमि*

# 32 उपभोक्ताओं की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षण अभियन्ता विनोद पूनिया की अध्यक्षता में बीटीएम रोड स्थित ऑपरेशन सर्कल कार्यालय में विशेष बिजली समाधान शिविर का आयोजन किया। इस दौरान अधीक्षण अभियंता ने 32 उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं। अधीक्षण अभियंता पूनिया ने बिजली समाधान शिविर में 32 उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुनीं। उन्होंने बिल से संबंधित, रखरखाव व सुधार संबंधित और ट्यूबवैल कनेक्शन संबंधित इत्यादि समस्याएं सुनी। इन समस्याओं में से अधिकांश समस्याओं का मौके पर निवारण करने के संबंधित कार्यालय को निर्देश दिए और शेष को प्राथमिकता के साथ शीघ्र करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सुविधा मुहैया कराने के साथ उपभोक्ताओं की बिजली संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला भिवानी व दादरी के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण को प्रत्येक मंगलवार को बिजली लोक अदालत लगाई जाएगी। इस मौके पर भिवानी व दादरी जिले के सभी कार्यकारी अभियन्ता व उपमंडल अधिकारी उपस्थित रहे।



**भिवानी।** समाधान शिविर में उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनते अधिकारी।

### पांच महीने बाद भी पूरा वेतन नहीं मिलने पर जताया रोष

# नवनियुक्त राजस्व पटवारियों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पटवारी एवं कानूनगो संगठन व नवनियुक्त पटवारियों ने बुधवार को लघु सचिवालय के उपायुक्त कार्यालय में डीसी महावीर कौशिक को लगभग पांच महीने से पूरा वेतन नहीं मिलने पर ज्ञापन सौंपा। डीसी को ज्ञापन सौपते हुए संगठन के राज्य उपप्रधान विकास राठी व जिला प्रधान सुनील कुमार ने बताया कि अक्तूबर 2024 में चयनित राजस्व पटवारियों ने अपनी नियुक्ति के पश्चात प्रशिक्षण शुरू किया था। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गत सात जनवरी को पंचकुला में घोषणा की थी कि पटवारियों का प्रशिक्षण काल उनकी सेवा अवधि में गिना जाएगा अर्थात उन्हें उनकी विभाग में नियुक्ति की तिथि से पूर्ण वेतन प्रदान किया जाएगा। फिर भी नियुक्ति के लगभग पांच महीने बाद भी पूरा वेतन नहीं मिला है, जिसकारण सभी नवनियुक्त पटवारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।


**भिवानी।** डीसी को ज्ञापन देते पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के राज्य उपप्रधान विकास राठी व ट्रेनी पटवारी। *फोटो: हरिभूमि*

### घर खर्च चलाने में समस्याओं का सामना कर रहे

प्रशिक्षण ले रहे पटवारियों ने बताया कि अधिकांश पटवारियों ने अपनी पूर्ववर्ती नौकरियों से इस्तीफा देकर पद ग्रहण किया है, जिनमें से अधिकतर शादीशुदा है व बहुत के पहले से लोन चले हुए है, जिनकी महिनावार किस्त जाती है, लेकिन नियुक्ति तिथि से अब तक बिना वेतन के जीवनयापन कर रहे हैं जिससे उन्हे अपना घर का खर्च चलाने में बहुत समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है। सरकार से मांग जल्द से जल्द उन्हें पूरा वेतन दिया जाए ताकि उनका जीवन यापन ढंग से चल सके। उन्होंने ट्रैनिंग पीरियड को सर्विस पीरियड मे जोड़े जाने में ऑफिसियल पत्र जल्द जारी करने, विभाग में नियुक्ति तिथि से अब तक का बकाया वेतन देने की मांग उठाई। इस दौरान प्रशिक्षणाधीन पटवारी दीपक, इंदू, कविता हर्षल, जोनी भुक्कल, दलबीर परमार, मिलन सिंह,नितेश स्वामी, अनुभव चौहान, बिपिन सिंह, दीपक जांगड़ा, हर्षमान, दीपक, इंद्र, कविता आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



चरखी दादरी। चयन प्रक्रिया में शारीरिक दक्षता की जांच करते।

### श्रीराम पब्लिक स्कूल में एनसीसी कैडेट्स का चयन

**चरखी दादरी।** कान्हड़ा स्थित श्रीराम पब्लिक स्कूल में एनसीसी की आर्मी विंग जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग में 2025-27 के लिए एनसीसी कैडेट्स की चयन प्रक्रिया हुई। यह चयन प्रक्रिया 16 हरियाणा बटालियन एनसीसी नारनौल के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अक्षय माथुर के दिशा निर्देश में आयोजित की गई। चयन प्रक्रिया हवलदार सुरेश, हवलदार रविंद्र, शारीरिक प्रशिक्षण सुमित, लीलाराम कोच व सीटीओ अजय कुमार व कविता की देखरेख में संपन्न हुई। इस दौरान छात्रों की शारीरिक क्षमता, मानसिक सजगता व व्यक्तित्व कौशल का परीक्षण हुआ।



चरखी दादरी। पुलिस हिरासत में आरोपी।

### अवैध हथियारों की सप्लाई का आरोपी काबू

**चरखी दादरी।** दादरी पुलिस ने बिहार निवासी दो अवैध हथियारों के सप्लायरों को काबू किया है। ये हरियाणा के युवाओं से संपर्क कर हथियार सप्लाई करते थे। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उनको न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ज्ञात रहे कि कुछ दिन पूर्व पुलिस ने दादरी सीआईए ने पिचोपा कलां निवासी आशीष को एक देसी पिस्तौल, पांच कारतूस और एक खाली मैगजीन सहित गिरफ्तार किया था। पुलिस प्रवक्ता योगेश ने आरोपी आशीष के खिलाफ बाढ़ड़ा थाने में आर्म्स एक्ट के तहत थाना मामला दर्ज किया गया था।

### आईटीआई रावलधी में रोजगार मेला 28 को

**चरखी दादरी।** जिला के युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 28 मई को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रावलधी में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और युवाओं का चयन करेंगी। पहली बार इस मेले का आयोजन कई विभाग संयुक्त रूप से करेंगे। एडीसी डॉ मुनीश नागपाल ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए।

### विद्यार्थियों ने सेना के पराक्रम को किया नमन

**लोहारू।** राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय परिसर में बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर एक मानव श्रृंखला बनाई और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य पूनम श्योराण के नेतृत्व में हुआ।

## रोहतक गेट से बावड़ी गेट के बीच सीवर व नाला ओवरफ्लो

# लोगों ने किया रोड जाम, एसडीओ के आश्वासन के बाद खोला रास्ता





**भिवानी।** सीवरेज व नाला का गंदा पानी रोड पर जमा होने के विरोध में जाम लगाते क्षेत्रवासी व एसडीएम को समस्या से अवगत करवाते कामरेड ओमप्रकाश व क्षेत्रवासी। *फोटो : हरिभूमि*

रोड पर जमा हुआ गंदा पानी, पिछले 10 से बनी है समस्या, शिकायतों के बाद भी समाधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पिछले 10 दिनों से रोहतक गेट व बावड़ी गेट के बीच सीवरेज व बरसाती नाला ठप होने से सीवरेज का गंदा पानी रोड पर जमा हो गया हैं तथा ये बदबूदार गंदा पानी रोड की बाई तरफ दुकानों के सामने जमा हैं, जिसमें से भयंकर बदबू आ रही हैं और राहगीरों व वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो गया हैं। क्षेत्र के लोगों ने समस्या के समाधान को लेकर विभाग को सूचित किया, लेकिन किसी ने सूध नहीं ली। इसके बाद क्षेत्र के लोगों ने रोड जाम कर दिया।

स्थानीय दुकनदारों व क्षेत्रवासियों ने इसकी शिकायत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ व कार्यकारी अभियन्ता को दर्ज करवाने के बाद भी सफाई नहीं की जा रही है, जिसको लेकर स्थानीय दुकानदारों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध आक्रोश स्वरूप रोड जाम कर दिया। रोड करने के बाद दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। इस बीच दुकानदारों ने माकपा नेता कामरेड ओमप्रकाश को मौके पर बुलाया तथा उनके आने के बाद लोगों ने विभाग व जिला प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी शुरू कर दी। इसी दौरान विभाग के एसडीओ सूरजप्रकाश और जेई मौके पहुंचे। उन्होंने पांच दिन में सीवरेज व नाले की पूर्ण सफाई का आश्वासन लिखित रूप में दिया। इस अवसर पर प्रदीप बाल्मीकि, रोहित ग्रेवाल, सुनील, मुकेश तायल, सतबीर धनाना, राजू मान, राधेश्याम शर्मा, अनिल शर्मा, रविन्द्र वर्मा व विजय बाल्मिकी आदि मौजूद थे।

### रोड जाम करने पर खुली अधिकारियों की नींद

इस अवसर पर कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि विभाग के अधिकारी पिछले 10 दिनों से समस्या के समाधान के लिए टाला मटोली कर रहे थे, आज जब लोग इक्ट्ठा होकर अफसरों की लेट लतीफी व उपेक्षा का विरोध करने लगे, तब जाकर अफसरों की नींद खुली है। देर आए दुरस्त आए, अब अधिकारियों को सीवर व नाले की समस्या का शीघ्र समाधान करना होगा।

# मेधावी छात्रों का निकाला विजयी जुलूस

- गांव इंदीवाली पहुंचने पर स्वागत आदर्श स्कूल कैरू में कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम



**तोशाम।** विजय जुलूस में शामिल विद्यार्थी व शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी परीक्षा परिणामों में आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैरू के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बारहवीं कॉमर्स संकाय से राज्य स्तर पर चौथा व जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अपसाना इंदीवाली, सांईस संकाय से राज्य स्तर पर छठा स्थान प्राप्त करने वाले निपुण कैरू, प्रथम प्रयास में एनडीए क्वालीफाई करने वाले शेखर कैरू तथा दसवीं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतीक चंदावास, मोहित विजलानाबास, हिमांशु कैरू, रोहित कैरू व आदर्श कांवेंट स्कूल कैरू से अमन हेतमपुरा, तरूण कैरू, ओजस्वी ढांगर व चाहत भिवानी आदि विद्यार्थियों का विद्यालय ने गांव कैरू व इंदीवाली में विजयी जूलूस निकालकर जश्न मनाया। विजयी जूलूस को आदर्श ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के चेयरमैन आरके बंगालिया व प्राचार्य एसएन पालीवाल ने विजयी चिह्न के साथ रवाना किया।

# आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया

- एचडी पब्लकि स्कूल बिरोहड़ में कार्यक्रम का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** आतंकवाद के खिलाफ मानव श्रृंखला बनाते विद्यार्थी।

एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों को देश की सुरक्षा में लगे बलों के शौर्य और समर्पण के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम के समूह गान से हुई। निदेशक बलराज फौगाट ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले जवानों की गाथा हर छात्र को जाननी चाहिए। बच्चों को भारतीय सेनाओं के पराक्रम और ऑपरेशन सिंदूर जैसे साहसिक अभियानों के बारे में विस्तार से बताया।

छात्रों ने गहरी रुचि से सैनिकों के बलिदान, अनुशासन और देशभक्ति के बारे में सीखा। आतंकवाद से लड़ने में हमारे सुरक्षाबलों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्हें वीर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उप प्राचार्य नवीन सनसनवाल ने बताया कि स्कूल देश की किसी भी प्रकार के आपदाओं एवं खुशियों के साथ तत्पर खड़ा रहता है।

# नंदगांव स्कूल ने दी सेना को सलामी

- आतंकवाद के खिलाफ संकल्प कार्यक्रम का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** नंदगांव स्कूल में सेना को सलामी देते विद्यार्थी व शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

नंदगांव के सरकारी स्कूल में सेना को सलाम व आतंकवाद के विरोध में संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों ने आतंकवाद के विरोध में संकल्प लिया व सेना को सलाम किया। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर संबोधित करते हुए स्कूल प्रवक्ता शिवकुमार शास्त्री ने कहा कि जब-जब दुश्मन ने हमारे देश की तरफ बुरी नजर से देखा, हमारी सेना ने उनको नेस्तनाबूद कर डाला। हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान के सात-आठ एयरबेस व नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर पहलगाम में शहीद हुए हमारे सैलानियों की शहादत व जिन महिलाओं के सिंदूर को उजाड़ दिया था और उसका बदला लिया। प्राचार्य जयनारायण ने कहा कि वे खुद सेना में रहे हैं और हमें भारतीय सेना की ताकत का बखूबी पता है। चंद घंटों में पूरे पाकिस्तान को नेस्तनाबूद करने की ताकत हमारी सेना में है। विद्यार्थियों ने इंकलाब जिंदाबाद, जयहिंद, वंदे मातरम के नारों से माहौल को गर्म कर दिया और सभी ने मिलकर सेना को सैल्यूट किया। कार्यक्रम में प्रवक्ता कपिल शर्मा, नफेसिंह सांगवान, सतीश यादव, बीना यादव, सुनील वर्मा, राजेश कुमार, मीनाक्षी, मनोज पीटीआई, कृष्ण कुमार, भागमती, जोगेंद्र शर्मा, अजीत रानीवाल व अमित बाबू आदि मौजूद रहे।

# भाजपा ने गांव बापोड़ा में निकाली तिरंगा यात्रा

- राष्ट्र सर्वोपरि की भावना का उत्सव है तिरंगा यात्रा : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** तिरंगा यात्रा में शामिल भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक व अन्य।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान में भाजपा द्वारा 31 मई तक तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को भाजपा बापोड़ा मंडल ने गांव बापोड़ा में तिरंगा यात्रा निकाली, जिसमें बतौर मुख्यअतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक पहुंचे तथा अध्यक्षता बापोड़ा मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक ने की। तिरंगा यात्रा के दौरान अनेक ग्रामीण शामिल हुए, जिन्होंने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय व वंद मातरम के नारों के साथ पूरा क्षेत्र भक्तिमय कर दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष कौशिक ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम की गाथा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ये तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है।

यह तिरंगा यात्रा केवल विजय का ही नहीं, बल्कि राष्ट्र सर्वोपरि की भावना का भी उत्सव है। तिरंगा यात्रा केवल एक रैली या परेड नहीं होती, यह उन वीर जवानों के लिए चलती-फिरती श्रद्धांजलि है, जिन्होंने देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा बच्चों और युवाओं के मन में सैनिक बनने की भावना को जागृत कर रही है, वे ना केवल सेना के प्रति आकर्षित हो रहे है, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनने की ओर प्रेरित हो रहे है। इस अवसर पर रविंद्र बापोड़ा, राजेश सरपंच बजीणा, उमेद सरपंच, रमेश पचेरवाल, मुनीपाल मास्टर, तेजबीर, प्रदीप तंवर, सतपाल तंवर, राजेंद्र थानेदार, सुरेंद्र भारद्वाज, अजीत शेखावत, राजेश पुनिया, विक्रम दुग्गल आदि मौजूद रहे।

# मानव श्रृंखला से दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

- बीके वमावि में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा



**बवानीखेड़ा।** मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश देते विद्यार्थी व शिक्षक।

बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवानीखेड़ा में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोध दिवस के उपलक्ष्य में आतंकवाद के खिलाफ सेना के पराक्रम को लेकर ऑपरेशन सिंदूर को ध्यान में रखते हुए मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा, वरिष्ठ संचालक योगेंद्र सिंह, कनिष्ठ संचालिका मंजू मलिक सहित सभी विद्यार्थियों ने प्रार्थना सभा में मैं भी प्रहरी, राष्ट्र प्रहरी बनने का संकल्प लिया। स्कूल में विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इसी के साथ 'वंदे मातरम', 'जय हिंद', 'जय हिंद की सेना' के नारे लगवाए तथा ऑपरेशन सिंदूर के जाबांजों को सलामी दी। प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताया तथा एक देशभक्त होने के नाते हमें अपने स्तर पर किस प्रकार से सहयोग देना चाहिए। उन्होंने बताया कि हम अपने सामने कोई गलत कार्य होता देखते हैं तो उसका साथ न देकर उसके खिलाफ आवाज उठाएं और उससे दूसरों को भी बचाएं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष जोगेंद्र जांगड़ा, सचिव योगेश शर्मा, संजीव, मीनू, राहुल, सोनू, मीनाक्षी, रीना जाखड़, कृष्ण, सतेंद्र, कविता, अमित, रजनी, हेमलता, सीमा, दीपिका, शालु, सुजाता, अनीता, संध्या, किरण, नागेंद्र, पार्वती मौजूद रहे।

# अहिल्याबाई की जयंती पर कार्यक्रम

- रूपगढ़ स्कूल के विद्यार्थियों को करवाया अहिल्याबाई के जीवन परिचय से अवगत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चें। *फोटो : हरिभूमि*

लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वें जन्म शताब्दी पर सामाजिक समरसता मंच ने गांव रूपगढ़ स्थित राजकीय वमा विद्यालय में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर विद्यार्थियों को माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन आदर्श के बारे में अवगत करवाया। जिला संयोजक प्रेमनाथ कौशिक ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई की 300वें जन्म शताब्दी पर 19 से 31 मई तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। बुधवार को स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को लोकमाता अहिल्या बाई के जीवन आदर्श से रूबरू करवाया पूर्व मुख्याध्यापक चन्दर प्रकाश ने इस मौके पर उन्होंने स्कूली पाठ्यक्रम में लोकमाता के जीवन का विवरण शामिल किए जाने की मांग भी सरकार से की। उन्होंने कहा कि लोकमाता होल्कर का जीवन एक प्रेरणादायक आदर्श है, जो सेवा, त्योग, न्याय और सुशासन का प्रतीक है। अधिवक्ता केंदर मणि एवं ब्रृजमोहन कौशिक ने कहा कि उनका जीवन नारी शक्ति, धर्मनिष्ठा और सामाजिक न्याय का अद्वितीय उदाहरण है। इस मौके पर टोली कथवाचक अनिता शास्त्री, प्राचार्य रविंद्र कुमार, अध्यापिका गीता रानी, राजकुमार, विक्रम सिंह, धर्मबीर, राजबीर सिंह, अशोक कुमार, सत्यवीर, बिमला देवी, रमेश देवी, धर्मेंद्र, बिरेंद्र सिंह, सुदेश कुमारी, ज्योति शर्मा, अशोक मौजूद रहे।

# ईशरवाल स्कूल में सम्मान समारोह

- बेहतर प्रदर्शन करने वाले 10वीं 12वीं के विद्यार्थी किए सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम



**तोशाम।** मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा जारी किए गए 10वीं व 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में छात्र-छात्राओं द्वारा बेहतर प्रदर्शन के उपलक्ष्य में विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान समारोह में तोशाम के खंड शिक्षा अधिकारी विजयपाल सांगवान नाम बतौर मुख्यतिथि शिरकत की।

जिन्होंने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए व अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया तथा (संस्था निदेशक चतर सिंह पिलानियां ने छात्रों को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रबन्धन समिति के सदस्य राजेन्द्र सिंह यादव, सुमेर सिंह यादव, अजीत सिंह नागल, रणधीर सिंह तथा विद्यालय प्राचार्य संदीप कस्वां, जयप्रकाश पिलानियां सहित समस्त स्टाफ सदस्य व अभिभावक मौजूद थे जिन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जिले में अवैध खनन की रोकथाम को लेकर प्रशासन सख्तः डीसी

# 15 वाहन सीज, एक पर एफआईआर व जुर्माना

- डीसी की अध्यक्षता में हुई खनन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** अधिकारियों को दिशा निर्देश देते डीसी महाबीर कौशिक। *फोटो : हरिभूमि*

उपायुक्त महावीर कौशिक की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में अवैध खनन की रोकथाम को लेकर खनन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे जिला में अवैध खनन की पूर्ण रूप से रोकथाम के लिए सरकार के नियमानुसार सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई करें।

उन्होंने खनन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संयुक्त छापामार कर जिला में खानक व खरकड़ी सोहन आदि क्षेत्र खनन में खनन गतिविधियों की निरन्तर मोनिटरिंग करें और अवैध खनन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाना सुनिश्चित करें। बैठक में डीसी ने खनन विभाग, पुलिस, वन व आरटीए विभाग को संयुक्त अभियान चलाकर खनन माफिया के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### अवैध खनन में लगे वाहनों पर 620653 जुर्माना

जिला खनन अधिकारी पंकज कुमावत ने डीसी को बताया कि जिले में खानक व खरकड़ी सोहना में खनन कार्य चल रहा है। जिले में 208 स्टोन क्रेशर है, जिनमें से 160 कार्यरत है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 15 वाहनों को सीज और एक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है और छह लाख 20 हजार 653 रुपये का जुर्माना वसूला है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष में 13 करोड़ 91 लाख 24 हजार 88 रुपये का राजस्व खनन विभाग ने प्राप्त किया है। इस दौरान एसडीएम तोशाम अशवीर नैन, डीडीपीओ आशीष मान, डीएसपी तोशाम दिलीप कुमार, बीडीपीओ तोशाम विनोद कुमार, एचएसआईडीसी प्रबंधक जसबीर शर्मा, वन विभाग के रेंज आफिसर बजरंग राणा, निरीक्षक हितेश कुमार के अलावा प्रदूषण विभाग, आरटीए विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



**भिवानी।** नांगल के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में बैठक को संबोधित करते स्कूल मुखिया हरीश कुमार।

### अनीश बने प्राइमरी स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान

**भिवानी।** गांव नांगल के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में बुधवार को स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया। स्कूल मुखिया हरीश कुमार की अध्यक्षता में समिति के सदस्यों का चयन किया। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान पद के लिए अनीश कुमार को चुना गया। वहीं अन्य पदों के लिए अभिभावकों को चुना गया। सभा में स्कूल मुखिया के अलावा अध्यापक प्रदीप, अध्यापिका सरिता, प्रधान राजेन्द्र, रोहताश चौकीदार, सुमन, बाला, सोनी देवी, प्रियंका, सुनील, अनिल सदस्य, विजय, पूनम व सोमबीर सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### ओबीसी बिग्रेड पिछड़ा वर्ग संकल्प समारोह 25 को

**भिवानी।** ओबीसी बिग्रेड के तत्वावधान में पिछड़ा वर्ग नेताओं एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं का संकल्प समारोह का आयोजन 25 मई को सुबह 10 बजे राजपूत धर्मशाला में किया जाएगा, जिसमें विशिष्ट अतिथि के तौर पर एचएलडीबी के एमडी डॉ. श्रीकिशन बागोरिया शिरकत करेंगे तथा अध्यक्षता पूर्व एसडीओ डॉ. तुलसीराम बुल्ला करेंगे। यह जानकारी बिग्रेड के राजेंद्र ने दी।

### सोलर प्लेट चुराने के आरोपी को पकड़ा

**भिवानी।** थाना सदर पुलिस ने खेत से सोलर प्लेट चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जोगिंदर निवासी तिगड़ाना ने थाना सदर पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बतलाया कि गत 18 मई की रात को चोर उनके खेत में लगी एक सोलर प्लेट को चोरी करके ले गया था। पुलिस ने केस दर्ज किया था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुनेश पुत्र राजकुमार निवासी प्रेम नगर जिला भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपी से चोरी की गई एक सोलर प्लेट को बरामद की हैं।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के 31 जुलाई तक आवेदन

**चरखी दादरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से 18 वर्ष तक हो, को जनवरी में समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।।

### 138 एनआई एक्ट में उद्घोषित आरोपी पकड़ा

**भिवानी।** जिला पुलिस ने फरार चल रहे उद्घोषित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान के तहत गत 20 मई को पुलिस ने एक उद्घघोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान भजनलाल निवासी बीरण भिवानी के रूप में हुई है। आरोपी को अभियोग संख्या 240 गत 17 मई धारा 209 भारतीय न्याय संहिता के तहत थाना सदर भिवानी में दर्ज अभियोग में गिरफ्तार किया है।

---

### वर्षों से पेयजल संकट का दंश झेल रहे दर्जनों गांव, नहीं मिलता नहरी पानी

# दादरी जिले के 30 गांवों में अकाल जैसी स्थिति सिंचाई के लिए छोड़ो साहब, पीने का पानी तो दो

### जलघर सूखे, तालाबों में पानी नहीं, कुओं के भूजल स्तर में गिरावट

प्रवीण शर्मा ⏭ चरखी दादरी



भिवानी। हिंडोल गांव का सूखा हुआ जलघर। फोटो : हरिभूमि

भीषण गर्मी में दादरी जिले के करीब 30 गांवों में पानी का ऐसा संकट खड़ा हो गया है कि लोग बूंद-बूंद को तरस गए हैं। जलघर के टैंक खाली हैं तो तालाब सूख चुके हैं। कुओं का पानी और गहरा होता जा रहा है। नहरी पानी नहीं मिलने से तो अकाल जैसी स्थिति बन गई है। अभी अगले कुछ दिन तक नहरों में पानी आने की संभाना नहीं है तो समस्या गंभीर बन जाएगी।

ज्ञात रहे कि दादरी जिले के रोहतक रोड पर दर्जनों ऐसे गांवों हैं जो वर्षों से नहरी पानी और पेयजल संकट से त्रस्त हैं। इन गांवों के जलघरों को दादरी डिस्ट्रीब्यूटरी और बोंद डिस्ट्रीब्यूटरी से पानी मिलता है। मगर इन दोनों नहरों में जरूरत के हिसाब से कभी पानी मिला ही नहीं। नहरी विभाग ने 45 दिनों में पानी छोड़ने का प्लान तो तैयार किया है और जरूरत के मुताबित डिमांड भी भेजी जाती है, लेकिन लंबे समय से 2 या 3 दिन से अधिक पानी नहीं मिला। इसमें जलघर के टैंक भी नहीं भर सकते। गर्मी में तो 10 दिन बाद ही जलघर सूख जाते हैं और फिर खड़ा पेयजल संकट। दादरी जिले के गांव हिंडोल, सांवड, कोहलवास, लांबा, कासनी, सौंफ, सांजरवास, झींझर, फोगाट, बोंद कलां, निमड़ी मालकोष सहित अनेक ऐसे गांवों के जलघर सूख चुके हैं। तालाबों में मवेशियों के लिए पानी नहीं है।

#### हरसंभव प्रयास जारी: एक्सईएन

गांव में जल संकट बना हुआ है। लोगों को दिक्कत ना हो इसके लिए विभाग पूरे प्रयास कर रहा है। कुछ गांव में ट्यूबवेल और टैंकर से सप्लाई दी जा रही। नहरी पानी आने तक थोड़ी समस्या रहेगी। *- सोहन लाल, एक्सईएन, पब्लिक हेल्थ चरखी दादरी।*

#### 35 दिन पहले मिला था दो दिन पानी

दादरी डिस्ट्रीब्यूटरी और बोंद डिस्ट्रीब्यूटरी में 35 दिन पहले मात्र दो दिन पानी छोड़ा गया था। सभी गावों के जलघर खाली रह गए थे। अभी अगले कुछ दिनों तक पानी मिलने की संभावना कम है। गावों और शहर में पेयजल किल्लत गहरा सकती है।

#### सप्ताह में सूख जाता है टैंक

हिंडोल गांव के ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से पेयजल किल्लत का सामना पड़ रहा है। भरने के बाद एक सप्ताह में टैंक खाली हो जाता है। दूसरे टैंक का अभी निर्माण नहीं हुआ है। दादरी डिस्ट्रीब्यूटरी से जलघर और सिंचाई के लिए पानी मिलता है। कुछ एकड़ को छोड़ दिया जाए तो गांव की 75 प्रतिशत जमीन को वर्षों से नहरी पानी नसीब नहीं हुआ है। डिमांड की अनुसार पानी मिलता ही नहीं है। गांव में हर रोज हजारों का पानी खरीदा जा रहा है।

#### ट्यूबवेल से खारे पानी की सप्लाई

दादरी जिले के लगभग हर गांव में जलघर के साथ जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से ट्यूबवेल लगाया गया है। मगर ट्यूबवेल का पानी खारा होने से पीने लायक नहीं है। जलघर के टैंक में पानी का स्तर कम होते ही सप्लाई में ट्यूबवेल का पानी मिलावट किया जाता। टैंक सूखने के बाद सीधा इसी पानी की सप्लाई शुरू हो जाती है।

#### नहरी पानी किल्लत से बनी परेशानी

दादरी जिले में समान पानी बंटवारे को लेकर रार चलती रही है। मगर डिमांड के अनुसार कभी पानी मिला नहीं है। नहरी पानी नहीं मिलने के कारण पेयजल किल्लत बनी हुई है। कुछ गांव के टैंकों की स्टोरेज क्षमता कम है। नहरी पानी का शेड्यूल 42 दिन होने के बाद संकट अधिक गहरा गया है।

---



भिवानी। शहीद स्मारक पर कैंडल जलाती महिलाएं व भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक।

## महिलाओं ने सैनिकों के सम्मान में निकाला कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

देश की सरहद पर हाल ही में सफल रहे ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद देशभर में जश्न का माहौल है। इसी कड़ी में ऑपरेशन सिंदूर यात्रा की जिला संयोजक एवं पूर्व पार्षद रेखा राघव के नेतृत्व एवं भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा चंदा गुप्ता की अध्यक्षता में अनेक महिलाओं ने बैंक कॉलोनी में कैंडल मार्च निकाला तथा नेहरू पार्क स्थित शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को नमन किया।

कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कैंडल मार्च में हाथों में जलती मोमबत्तियां, देशभक्ति से भरे नारे और सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए महिलाओं ने अपने दिल की आवाज को जन-जन तक पहुंचाया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्षा चंदा गुप्ता व सिंदूर यात्रा की जिला संयोजक एवं पूर्व पार्षद रेखा राघव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारे जांबाज सैनिकों की बहादुरी और समर्पण का प्रतीक है। हम उनके साहस को सलाम करते हैं और इस मार्च के जरिए उन्हें धन्यवाद कहना चाहते है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ जीत नहीं, बल्कि हर भारतीय के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक एवं मीना परमार मौजूद रहे।

---

## सैनिकों की भांति अनुशासन में रहने का दिया संदेश

■ कक्षा तीसरी से आठवीं के छात्रों ने पोस्टरों द्वारा इंडिया के नक्शे को बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



शिक्षकों के साथ विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

भिवानी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय आतंकवाद दिवस मनाया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभागिता दिखाते भाषण, कविता व नृत्य के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ अपने विचारों को प्रकट किया। कक्षा तीसरी से आठवीं के छात्रों ने पोस्टरों द्वारा इंडिया के नक्शे को बनाया। विद्यार्थियों को पीपीटी के माध्यम से बताया कि पिछले दिनों पहलगाम में देश ने आतंकवाद का क्रूर चेहरा देखा था, उसका बदला हमारी सेना ने आपरेशन सिंदूर से लिया।

उन्होंने कहा कि दुनिया ने आतंकवाद के खिलाफ हमारे पराक्रम को देखा। आंतकवाद को नाकाम करने वाले शूरवीरों पर आधारित प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्रों का ज्ञानवर्धन किया।

#### छात्रों ने लिया संकल्प

कक्षा तीसरी से आठवीं के सभी छात्रों ने इसमें अपनी शत प्रतिशत प्रतिभागिता निभाई और साथ ही प्रतिज्ञा के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ शांति के संदेश को आगे बढ़ने का निर्णय लिया। निर्देशिका आशा पाहुजा विद्यार्थियों को सैनिकों की भांति नियम व अनुशासन में रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलकित पाहुजा व हेडमिस्ट्रेस पूनम गर्ग उपस्थित रहे।

---

*सत्र न्यायाधीश चालिया की कोर्ट ने सुनाई सजा*

## मारपीट के तीन दोषियों को 10 वर्ष जेल व 91,500 रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



थाना सदर पुलिस को गांव घुसकानी निवासी व्यक्ति ने 11 जनवरी 2022 को एक शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बतलाया कि खेत में जाते समय आरोपियों ने रास्ता रोककर मारपीट कर मोबाइल व रुपये छीने और जाते समय जान से मारने की धमकी दी थी। इस शिकायत पर पुलिस ने अभियोग संख्या 13 गत 11 जनवरी 2022 धारा 323, 341, 379b, 34 भारतीय दंड संहिता के तहत थाना सदर भिवानी में दर्ज किया था। अभियोग में प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना सदर पुलिस ने आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया। न्यायालय ने अभियोग के ट्रायल के दौरान आरोपियों को दोषी पाते हुए तीनों आरोपियों को 10 वर्ष की कैद व कुल 91,500/- का जुर्माना लगाया है। न्यायालय ने आरोपी धर्मबीर पुत्र दरिया सिंह निवासी घुसकानी, विकास पुत्र धर्मबीर निवासी घुसकानी व राहुल पुत्र धर्मबीर निवासी गांव घुसकानी जिला भिवानी को प्रत्येक आरोपियों सजा व जुर्माना लगाया है। धारा 379b, 34 आईपीसी के तहत 10 वर्ष कैद व 25000 रुपये जुर्माना, धारा 341, 34 आईपीसी के तहत एक महीने की सजा व 500 रुपये जुर्माना, धारा 506 आईपीसी के तहत तीन वर्ष कैद व 5000 रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना न भरने पर अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

---

### पुलिस ने बारीकी से तलाशी ली

## आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने को चलाया सर्च अभियान

■ एसपी ने की अपील, कोई संदिग्ध व्यक्ति या कोई वस्तु दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

बुधवार को पुलिस ने मेजबान चौक और लोहारू रोड पर बनी झुग्गी-झोपड़ियों में सर्च अभियान चलाया। पुलिस चौकी बस स्टैंड प्रभारी एएसआई प्रदीप के नेतृत्व में यह सर्च अभियान चलाया गया। थाना शहर और बस स्टैंड पुलिस चौकी के कर्मचारियों ने सर्च अभियान में हिस्सा लिया। पुलिस ने शहर की सुरक्षा व विदेशी रोहिंग्या, बांग्लादेशी, कश्मीरी लोगों को तलाश करने,नशीले पदार्थों व नशा तस्करों को पकड़ने के लिए यह विशेष अभियान चलाया। झुग्गियों में बारीकी से तलाशी ली गई व सभी स्थानों को चैक किया। विदेशी या बाहरी व्यक्ति शहर में अवैध रुप से तो नहीं रह रहे हैं, ऐसी स्थिति में कोई संदिग्ध अपराध घटित होने की आशंका बनी रहती है। शहर की सुरक्षा को देखते हुए दादरी पुलिस लगातार सर्च ऑपरेशन कर रही है। एसपी ने अपील करते हुए कहा कि कोई संदिग्ध व्यक्ति या कोई वस्तु दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सुचित करें।

---

## थाना साइबर क्राइम पुलिस ने लाखों की धोखाधड़ी मामले में दूसरा आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

थाना साइबर क्राइम पुलिस ने आईपीओ में पैसे लगाकर अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में दूसरे आरोपी को बहादुरगढ़ से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

सौरभ निवासी नया बाजार ने थाना साइबर क्राइम पुलिस को शिकायत में बताया कि छह जनवरी 2025 को उनके मोबाइल पर फोन पर एक बिजनेस ईलाइट से जुड़ने का लिंक भेजा गया, जो इसके द्वारा शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर अधिक पैसा कमाने के लिए गए स्कीम बताई गई थी। इसके बाद अधिक प्रॉफिट के लिए आईपीओ में पैसा निवेश करने के लिए कहा था जिस पर शिकायतकर्ता ने 8,85,000 रुपये आरोपी के द्वारा बताए बैंक खाते में डाले थे, लेकिन शिकायतकर्ता के पैसे आरोपियों द्वारा न ही तो किसी स्कीम में लगाए और न वापस लौटाए, जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना साइबर क्राइम भिवानी में दर्ज किया था। सहायक उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने धोखाधड़ी करने के मामले में दूसरे आरोपी को बहादुरगढ़ से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

#### आरोपी से 2800 रुपये व दो मोबाइल बरामद

पुलिस टीम ने आरोपी अमित से कुल 2800 रुपये व दो मोबाइल बरामद किए। इससे पहले अभियोग में पुलिस ने गत 17 मई को आरोपी प्रशांत निवासी नोएडा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। पुलिस टीम ने आरोपी प्रशांत से रिमांड अवधि के दौरान 5200 रुपये, एक मोबाइल, एक चेक बुक व एक एटीएम कार्ड बरामद कर गत 20 मई को जिला कारागार भेजा।

---

## स्वास्थ्य विभाग ने हीट वेव से बचाव को जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त मुनीश शर्मा ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और हीट वेव से बचे रहें। हीट वेव से बचाव के लिए टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस, घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी, नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें।

---

## उत्कृष्ट परिणाम के लिए छात्राओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते शिक्षक।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा हाल ही में घोषित किए गए 10वी 12वी के परीक्षा परिणाम में गांव बामला स्थित राजकीय कन्या वमा विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शानदार परीक्षा परिणाम हासिल किया। शानदार परिणाम हासिल करने वाली सभी छात्राओं के सम्मान में बुधवार को विद्यालय में समारोह का आयोजन किया, जिसमें छात्राओं को मेडल व टॉफी देकर मुख्यतिथि जिला पार्षद रूपेंद्र ग्रेवाल, क्लस्टर प्रमुख सतेंद्र व प्राचार्या मीना रानी ने सम्मानित किया। मंच संचालन प्रवक्ता मनु देवी, शीला व रामअवतार ने किया। शारीरिक शिक्षा एसोसिएशन के जिला प्रधान कुलदीप महला ने बताया कि बेटियां हर क्षेत्र में बेटों से आगे है तथा प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही है। इस अवसर पर प्राचार्या अर्चना गौड, सुनीता, विजय लक्ष्मी, सुनीत वर्मा, संध्या, नीलम, सविता, सुमन, कमल आदि मौजूद रहे।

---

### भारतीय हिंदी भाषा ओलंपियाड में पहली कक्षा की आरोही, गर्वी व इवान प्रथम



**भिवानी।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की कक्षा पहली के 22 विद्यार्थियों ने सिल्वर जोन फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा 2024-25 में आयोजित इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड, इंटरनेशनल इंग्लिश ओलिंपियाड और अखिल भारतीय हिंदी भाषा ओलंपियाड में प्रतिभागिता की। अखिल भारतीय हिंदी भाषा ओलंपियाड में विद्यालय की कक्षा पहली के विद्यार्थी आरोही वर्मा, गर्वी व इवान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतिमान स्थापित किया। इंटरनेशनल मैथ्स ओलिंपियाड के अंतर्गत पहली कक्षा में विद्यालय के विद्यार्थी जियांश, सूर्य तेजस और प्रथमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं आरोही वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरनेशनल इंग्लिश ओलिंपियाड में कक्षा पहली के गोपाल, रेहान दिवा, नितिक और प्रांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया, जबकि ओलिंपियाड में चक्षित तृतीय स्थान पाया।

---

## बागनवाला के पास अवैध खनन की पोकलेन मशीन व डंपर जब्त: डीसी



**तोशाम।** डीसी महावीर कौशिक ने कहा कि बुधवार को तड़के बागनवाला जोन में अवैध खनन करने के लिए इस्तेमाल की जा रही एक पोकलेन मशीन और अवैध खनन सामग्री से भरे डंफर को जब्त कर लिया गया है। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व खनन एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग द्वारा स्पष्ट तौर पर निर्देश दिए कि अगर कोई व्यक्ति अवैध खनन से जुड़ी गतिविधियों में शामिल पाया जाता है, तो उसके खिलाफ तुरंत सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। डीसी कौशिक ने कहा कि जिला में खनन विभाग और टास्क फोर्स टीमें निरंतर खनन क्षेत्र और वाहनों की आनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली के ई-रवानगी की निगरानी कर रही हैं। अवैध खनन की रोकथाम को लेकर खनन विभाग द्वारा 24×7 की एक बेहतर तालमेल करके अवैध वाहनों की पहाड़ियों में निरंतर चैकिंग जा रही है। वहीं कोई वाहन बिना ई-रवाना के पाया जाता है, तो ये हरियाणा खनन एवं खनिज नियम 2012 के नियम 102 और 104 का उल्लंघन होता है और इन नियमों के अनुसार जांच करके त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

---

### किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन- बोले, अपने खेतों से नहीं निकालने देंगे लाइन

*बलियाली व गांधीनगर के बीच गौतम सोलर कम्पनी लगा रही खंबे*

## अनाधिकृत रूप से खेतों में लगाए जा रहे खम्बों के विरोध में किसान हुए लामबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में किसानों ने बलियाली व गांधीनगर के बीच गौतम सोलर कम्पनी द्वारा अनधिकृत रूप से खेतों में खड़े किए जा रहे खम्बों का प्रदर्शन कर विरोध किया और प्रभावित किसानों ने स्पष्ट शब्दों में विद्युत निगम व प्राईवेट कम्पनी के अधिकारियों का आगाह किया कि वे अपने खेतों में अनधिकृत रूप से किसी भी कीमत पर खम्बे खड़े नहीं करने देंगे। किसानों ने सम्बन्धित कम्पनी के अधिकारियों के विरुद्ध बवानीखेड़ा थाने में शिकायत भी दी कि वे अनुचित काम करने वाले कम्पनी अधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करें।



बवानीखेड़ा। खंबे लगाने के विरोध जताते किसान व तैनात पुलिसबल।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर रामफल देशवाल, ओमप्रकाश, बलियाली के सरपंच सचिन सरदाना, रामोतार, वेदप्रकाश, राजेश कुंगड़, चरणदास भाटिया, अंकित मलिक, अनुप शर्मा, सुरेश बलियाली, चरणदास भाटिया व विजय असीजा मौजूद रहे।

#### पुलिस ने संभाली स्थिति

जानकारी अनुसार गौतम सोलर कम्पनी तोशाम-बवानीखेड़ा मार्ग पर 60 एकड़ जमीन पर सोलर पलेटस का प्लांट लगा रहे हैं। उसके लिए वे सागवान 33 केवी स्टेशन से बिजली लेकर खम्बों के माध्यम से बलियाली के किसानों के खेतों के माध्यम से खम्बे ले जाना चाहते हैं, जिसका किसानों ने किया। पुलिस को मिली तो थाना प्रभारी शिवकुमार सैनी व तोशाम से उपपुलिस अधीक्षक दिलीप सिंह व कंपनी के अन्य अधिकारी किसानों के बीच पहुंचे।

डॉ. आर. पी. शर्मा
अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं नार्मल डिलीवरी
सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़, CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र : 9416296903, 8168362612